# <u>जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाद्यालय कोटा</u>

## <u>निरोगी कोटा स्वच्छ कोटा कर्यक्रम</u>

**जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट कोटा के पत्रांक सामान्य / 830 दिनांक 14.11.2022 की पालना में** जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविध्यालय में रेड रिबन क्लब, एन एस एस , नवाचार, प्रकोष्ठ राजकीय कला कन्या महाविधालय कोटा , राजकीय वणिज्य कन्या महाविधालय कोटा के सयुक्त तत्वावधान में "**निरोगी कोटा स्वच्छ कोटा अभियान**"के तहत दिनांक 23-11- 2022 को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कर्यक्रम में छात्राओ को सेनेटरी नेपकिन योजना , एनीमिया मुक्त कोटा , टीबी, सिलिकोसिस, चिरंजीवी योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । कार्यक्रम में सी.एम्.एच.ओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया की बीमारी के उपचार से ज्यादा बचाव के लिए सतर्कता बरतने तथा जागरूक होने की जरुरत है। चिकित्सा विभाग के एसओ डॉ सत्यप्रकाश शर्मा ने एनीमिया मुक्ति के लिए खिलाई जाने वाली टेबलेट तथा सिरप वितरण के बारे में बताया। डॉ एस एन मीणा ने सिलिकोसिस से समबन्धित जानकारी दी। सहायक निदेशक कोटा संभाग डॉ रघु राज परिहार ने छात्राओ को स्वाथ्य सम्बंधी सरकारद्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। जानकी देवी बाजब राजकीय कन्या महाविधालय के प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने नशा व् तम्बाकू मुक्त की शपथ दिलाई। राजकीय कला कन्या महाविधालय कोटा प्राचार्य डॉ अशोक गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ जाग्रति मीणा ने किया। कार्यक्रम में राजकीय वणिज्य कन्या महाविधालय कोटा की प्राचार्य डॉ वंदन आहूजा, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव , नवाचार प्रभारी डॉ सरस्वती अग्रवाल, एन एस एस प्रभारी सुश्री प्रीति बैरवा, डॉ स्मृति जोहरी , डॉ पूनम जैसवाल , डॉ अन्नु बंशीवाल उपस्थित रहे।

**जेडीबी कॉलेज की छात्राओं को दिया 'निरोगी कोटा' का संदेश**



**संदेश न्यूज। कोटा.** जिला प्रशासन की पहल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में शुरू किए गए नवाचार 'निरोगी कोटाः स्वस्थ कोटा' आईईसी जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय जेडीबी कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तीनों कॉलेज साइंस, कॉमर्स और आट्र्स की करीब 500 छात्राओं को सैनेट्री नेपकिन योजना, एनीमिया मुक्त कोटा, चिरंजीवी योजना, टीबी, सिलिकॉसिस आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर आईईसी जागरुकता गतिविधियां व अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उपचार से बचाव ज्यादा बेहतर है। बीमारी के उपचार से ज्यादा उसके बचाव को लेकर सतर्कता बरतने और जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि बीमार होने जैसी नौबत ही ना आए और जिलेवासी निरोगी व स्वस्थ रहें। चिकित्सा विभाग के एसओ सत्यप्रकाश शर्मा ने एमीमिया मुक्ति के लिए खिलाई जा रही आईएफए की गोली व सीरप वितरण के बारे में बताया। जेडीबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने छात्राओं और मौजूद स्टाफ को नशा एवं तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलवाई। जेडीबी कला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक गुप्ता ने अध्यक्षीय भाषण में छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर जेडीबी वाणिज्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वंदना आहुजा, कॉलेज की नवाचार प्रभारी डॉ. सरस्वती अग्रवाल, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. स्मृति जौहरी, डॉ. पूनम जायसवाल, डॉ. अन्नु बंशीलवाल, एनएसएस प्रभारी प्रीति बैरवा व चिकित्सा विभाग के जिला आईईसी कॉर्डिनेटर सरफराज खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन रेड रिबन प्रभारी डॉ. जागृति मीणा ने किया।

**निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा आईईसी नवाचार जागरुकता अभियान**

**जेडीबी कॉलेज की छात्राओं को दिया निरोगी कोटा का संदेश**

**नवज्योति/ कोटा**

जिला प्रशासन की पहल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में शुरू किए गए नवाचार निरोगी कोटाः स्वस्थ कोटा आईईसी जागरु कता अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय जेडीबी कन्या महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तीनों कॉलेज सांइस, कॉमर्स और आट्र्स की करीब 500 छात्राओं को सैनेट्री नेपकिन योजना, एनीमिया मुक्त कोटा, चिरंजीवी योजना, टीबी, सिलिकोसिस आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर आईईसी जागरुकता गतिविधिया व अभियान चलाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि उपचार से बचाव ज्यादा बेहतर है। बीमारी के उपचार से ज्यादा उसके बचाव को लेकर सतर्कता बरतने और जागरूक होने की




जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ व अन्य।

आवश्यकता है ताकि बीमार होने जैसी नौबत ही ना आए और जिलेवासी निरोगी व स्वस्थ रहें। डिप्टी सीएमएचओ प.क. डॉ गोविन्द सिंघल ने एनीमिया के लक्षण व बचाव-रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान, शक्ति दिवस, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के फायदों और एंटीमाईक्रोबियल अवेयरनेस वीक के बारे में जानकारी दी। जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. एसएन मीणा ने टीबी के लक्षण, जांच एवं उपचार तथा इसके उन्मूलन लक्ष्य के बारे में बताया। साथ ही नि-क्षय पोषण व नि-क्षय संबल योजना की जानकारी दी। उन्होने सिलिकोसिस बीमारी के लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपायों पर भी प्रकाश डाला।

महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ राकेश ने सेनेट्री नेपकिन के फायदे व इसके वितरण के लिए चलाई जा रही उड़ान योजना की जानकारी दी। चिकित्सा विभाग के एसओ सत्यप्रकाश शर्मा ने एमीमिया मुक्ति के लिए खिलाई जा रही आईएफए की गोली व सिरप वितरण के बारे में बताया। जेडीबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने छात्राओं और मौजूद स्टाफ को नशा एवं तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलवाई। जेडीबी कला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक गुप्ता ने अध्यक्षीण उद्बोधन में छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर जेडीबी वाणिजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ वन्दाना आहुजा, कॉलेज की नवाचार प्रभारी डॉ सरस्वती अग्रवाल, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ स्मृति जौहरी, डॉ पूनम जायसवाल, डॉ अन्नु बंशीलवाल, एनएसएस प्रभारी प्रीति बैरवा व चिकित्सा विभाग के जिला आईईसी कॉर्डिनेटर सरफराज खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन रेड रिबन प्रभारी डॉ जाग्रति मीणा ने किया। वहीं, संबधित विषयों के आईईसी बेनर व पोस्टर प्रदर्शित किए गए व पम्पलेट वितरित किए।

# छात्राओं को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी



कोटा | जेडीबी कॉलेज में निरोगी कोटा, स्वस्थ कोटा अभियान के अंतर्गत चिकित्सा विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंहल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एसएन मीना, उड़ान परियोजना अधिकारी राकेश, जिला सांख्यिकी अधिकारी एसपी शर्मा ने स्वास्थ्य चिकित्सा की राज्य सरकार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## जेडीबी कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूक कार्यक्रम आयोजित

# एनीमिया से बचाव की दी जानकारी



**नवज्योति/कोटा।** जेडीबी साइंस कॉलेज में मंगलवार को नवाचार प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं रेंजरिंग के संयुक्त तत्वावधान में निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें चिकित्सा विभाग ने सहयोग किया। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने सरकार की स्वास्थ्य व चिकित्सा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालिका और महिलाओं में एनीमिया की कमी बड़ी समस्या है, जिसके बचाव के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंहल ने कहा, कुछ एंटीबायोटिक खाली पेट लेने होते हैं, जिसे चिकित्सक की सलाह से उपचार ली जानी चाहिए।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. एसएन मीना ने सिलिकोसिस के पहचान व उपचार की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सहायक कॉलेज निदेशक डॉ. रघुराज सिंह परिहार ने पारंपरिक भारतीय भोजन को पोषण से भरपूर बताया।

नवाचार कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरस्वती अग्रवाल, कार्यक्रम का संचालन डॉ. जागृति मीणा, समिति सदस्य डॉ. पूनम जायसवाल ने छात्राओं को जागरूक किया।







SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.13 14:04:59 +05'30'